09/12/202**5**

आकाशवाणी ईटानगर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में 2023 और 2024 के लिए राष्ट्रीय हस्तशिल्प अवॉर्ड प्रदान किए। ये अवॉर्ड भारत की समृद्ध और अलग-अलग तरह की हस्तशिल्प विरासत को बचाने और बढ़ावा देने के लिए सरकार के प्रतिबद्धता को दर्शाता हैं। कुल 12 कारीगरों को 2023 और 2024 के लिए शिल्प गुरु अवॉर्ड प्रदान किए गए, जबकि 36 कारीगरों को दोनों सालों के लिए नेशनल अवॉर्ड दिए गए।

0000000000000000000000

केंद्रीय विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा कि इंडिगो की हाल की संचालन संबंधी विफलताओं से उत्पन्न व्यवधान अब तेज़ी से स्थिर हो रहा है। उन्होंने दोहराया कि सरकार मज़बूत विमानन प्रणाली बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इंडिगो के मौजूदा संकट पर लोकसभा में श्री नायडु ने बताया कि इंडिगो को पूरी तरह से जवाबदेह ठहराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नागर विमानन महानिदेशालय ने विमानन कंपनी को नोटिस जारी किया है और उसकी रिपोर्ट के आधार पर कड़ी तथा उचित कार्रवाई की जाएगी। श्री नायडू ने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि यात्रियों की सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता।

0000000000000000000000

भारत सरकार के संस्कृती मंत्रालय द्‌वारा आज नई दिल्ली में अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा के लिए अंतर-सरकारी समिति (ICH 20COM) के चल रहे 20वें सत्र के दौरान लिपि और पांडुलिपि के संरक्षण पर एक खास कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में अरुणाचल प्रदेश के आर्ट एंड कल्चर एंड सिविल एविएशन सेक्रेटरी ममता रीबा, ज्ञान भारतम मिशन के OSD (रिसर्च) एण्ड नोडल ऑफ़िसर लेफ्टिनेंट कर्नल टी.सी. तायुम, और असिस्टेंट डायरेक्टर, आर्ट एंड कल्चर डिपार्टमेंट श्री मान्यु, शामिल हुए। उन्होंने राज्य के तवांग, वेस्‌ट कामेंग, शि-योमी, अपर सियांग, और नामसाई जिलों में किए गए क्षेत्र दस्तावेज़ीकरण पेश किए, जिसमें दुर्लभ पांडुलिपि और पारंपरिक लिपि की खोज एवं उनके संरक्षण पर ज़ोर दिया गया। इस अवसर पर, संस्कृति मंत्रालय के सचिव विवेक अग्रवाल ने बताया कि एक सेंट्रल एक्सपर्ट टीम जल्द ही साइंटिफिक डॉक्यूमेंटेशन शुरू करने के लिए सभी पांच जिलों का दौरा करेगी और अरुणाचल प्रदेश के लिए एक डेडिकेटेड मैन्युस्क्रिप्ट और डिजिटाइजेशन सपोर्ट सेल मंत्रालय में बनाया जाएगा।

0000000000000000000000

सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग अरुणाचल प्रदेश द्वारा रैंचो लैब्स के साथ मिलकर और IIT दिल्ली के सहयोग से, अगले साल जनवरी के दूसरे हफ़्ते से कॉलेज स्टूडेंट्स और ग्रेजुएट्स के लिए AI जॉब-रेडी कार्यक्रम का आयोजन करने जा रहा है। यह कार्यक्रम युवा शिक्षार्थियों को एआई, डेटा एनालिसिस, पायथन प्रोग्रामिंग और जॉब-रेडीनेस में ज़रूरी कौशल प्रदान करेगा, जिससे उन्हें टेक सेक्टर में हाई-ग्रोथ करियर बनाने में मदद मिलेगी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में इस खबर को साझा करते हुए उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने इसे अरुणाचल के छात्रों के लिए भविष्य में आने वाले मौकों के लिए तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

0000000000000000000000

ईटानगर कैपिटल रीजन में आज APIYO, IYFA और ANYO द्वारा बुलाए गए 12 घंटों का बंद ज़्यादातर शांतिपूर्ण रहा और हिंसा की कोई घटना नहीं हुई। जिस दौरान दुकानें बंद रहीं और सड़कों पर कुछ ही गाड़ियां दिखीं, जबकि इमरजेंसी सर्विस नियमित रूप से जारी रहीं। राज्य के गृह मंत्री मामा नातुङ ने कहा कि बंद कोई हल नहीं है साथ ही सरकार बातचीत के लिए तैयार है और अपील की है कि कोई भी कानून को अपने हाथों में न ले।

तीनों संगठनों द्वारा यह बंद कथित गैर-कानूनी धार्मिक ढांचों को गिराने, आप्रवासियों की पहचान करके उन्हें राज्य से निकालने, और साप्ताहिक बाज़ार पर प्रतिबंध लगाने की मांगों पर ज़ोर देने के लिए बुलाया था।

0000000000000000000000

NABARD के अंतर्गत JIVA प्रोजेक्ट के तहत, नामसाई के महादेवपुर III में ऑयस्टर मशरूम की खेती पर क्षमता निर्माण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। NOSAAP के ज़रिए लागू की गई यह पहल NABARD के जनजातीय विकास कार्यक्रम के तहत आदिवासी समुदायों के बीच एग्रोइकॉलोजी और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देती है। JIVA, जिसका संस्कृत में मतलब है जीवन, सस्टेनेबल खेती, इकोलॉजिकल बैलेंस और मिट्टी की सेहत को सहयोग करता है। कार्यक्रम के हिस्से के तौर पर, SHGs को धान की पराली काटने की मशीनें, मशरूम स्पॉन, स्पॉन बैग और पानी के स्प्रेयर प्रदान किए गए ताकि गांव-स्तर पर मशरूम की खेती को मज़बूत किया जा सके।

0000000000000000000000

दिबांग वैली उपायुक्त एवं आनिनी के डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन ऑफिसर, बेकिर न्योराक ने आनिनी के सिनेवरू हॉल में बने स्ट्रॉन्ग रूम और काउंटिंग सेंटर का निरीक्षण किया।

जिसका उद्देश्य जिले में आगामी पंचायत चुनाव 2025 की तैयारियों का जाएज़ा लेना था। उन्होंने काउंटिंग सेंटर और स्ट्रॉन्ग रूम में मौजूद सिक्योरिटी इंफ्रास्ट्रक्चर और अलग-अलग सुविधाओं की सभी पहलुओं की भी जांच की।

0000000000000000000000

पाक्के केसांग ज़िला पुलिस द्वारा जिले के गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में ऑडियो-विज़ुअल प्रेजेंटेशन के ज़रिए NDPS Act, POCSO Act, IT Act, JJ Act और MV Act के बारे में एक जागरुक्ता कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें चार स्कूलों के 150 से ज़्यादा छात्रों एवं शिक्षकों ने हिस्सा लिया और सुरक्षा, अधिकारों और ज़िम्मेदार व्यवहार के बारे में ज़रूरी जानकारी हासिल की।

0000000000000000000000